No. of Printed Pages/Questions: 2 / 4

# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

Periodic Test –III (Round –II) 2025 – 2026

Class - 6 | MM-20

Subject- Hindi | Time: 1 Hr.

Name: ____________ | Roll No.:_________

**प्रश्न 1 नीचे लिखे पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए।** **1X4=4**

पर्वत कहता शीश उठाकर, तुम भी ऊँचे बन जाओ।

सागर कहता है लहराकर, मन में गहराई लाओ।

समझ रहे क्या कहती है, उठ–उठ, गिर–गिर, तरंग–तरंग।

भर लो, भर लो अपने मन में, मीठी–मीठी मृदुल उमंग।

पृथ्वी कहती धैर्य न छोड़ो, कितना ही हो सिर पर भार।

नभ कहता है, फैलो इतना, ढँक लो तुम सारा संसार।

**क 'पर्वत कहता शीश उठाकर तुम भी ऊँचे बन जाओ' में 'तुम' किसके लिए आया है ?**

अ नदी | ब प्रकृति

स मानव | द इनमें से कोई नहीं

**ख पृथ्वी किसका त्याग न करने को कहती है ?**

अ शौर्य | ब सत्य

स सुख | द धैर्य

**(ग) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए–**

**कथन (A) :** मुसीबत आने पर धैयता नहीं छोड़ना चाहिए।

**कारण (R) :** मुसीबत का सामना करने के लिए आत्मविश्वास आवश्यक नही ।

(अ) कथन (A) गलत है,किन्तु कारण (R) सही है।

(ब) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

(स) कथन (A) सही है, और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(द) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**घ सागर लहराकर क्या कहता है ?**

प्रश्न 2 ' क्रियाविशेषण पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए (कोई पाँच) 1X5=5

क) 'आजकल' क्रियाविशेषण का प्रयोग करके एक वाक्य बनाइए ।

ख) तुम मेरे पत्र का उत्तर——————— देना। । (उचित क्रियाविशेषण से रिक्त स्थान को भरिए)

ग ) क्रियाविशेषण के भेदों के नाम लिखिए।

घ) मैं प्रतिदिन पार्क जाता हूँ। ( क्रियाविशेषण को रेखांकित कर उसके भेद का नाम लिखिए)

ङ) वह ज्यादा भोजन करता है। ( क्रियाविशेषण को रेखांकित कर उसके भेद का नाम लिखिए)

च) काँच के आरपार दिखाई दे रहा है ?( क्रियाविशेषण को रेखांकित कर उसके भेद का नाम लिखिए)

**प्रश्न 3 'सत्रिया और बिहू नृत्य' पाठ के अनुसार नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–(कोई तीन) 2X3=6**

क) एंजेला कहाँ रहती थी ? उसे कैसी कहानियाँ पसंद थी ?

ख) बिहू त्योहार की कोई दो विशेषताएँ लिखिए ?

ग) पाठ की लेखिका जया मेहता का संक्षिप्त परिचय लिखिए ?

घ) 'बिहू' एक कृषि आधारित त्योहार है।'' कैसे ?

**प्रश्न 4 दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर संवाद लिखिए । 1X5=5**

दो मित्रों के बीच क्रिकेट मैच को लेकर हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए।

अथवा

अध्यापिका और छात्रा के बीच गृहकार्य को लेकर हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए।

———0———